New Delhi, Jan 5 (PTI) A recent incident in which a collision was averted between a passenger train and a freight train, both moving on the same track towards each other near the Khurja City station in Uttar Pradesh, has exposed a complete disregard for basic safety norms by railway staff in an attempt to maintain train punctuality, according to experts.

The incident occurred on December 29, 2025, and on January 2, the railway ministry transferred the divisional railway manager of the Moradabad division, under which the Khurja City station falls, while the staff involved in the incident were sent for training after a brief period of suspension.

Experts said the incident highlighted a disregard for rules, poor record-keeping and inadequate shift handover procedures between station masters, leading to a critically-unsafe situation for train operations.

The incident took place around 8 pm on December 29, when Rinku Tomar, the on-duty station master at Khurja City, allowed a freight train coming from Khurja Junction to enter his section.

As there is a single line between the two stations, only one train can be allowed to operate at a time. While the freight train was on its way to Khurja City, Tomar's shift ended and the station master who relieved him, Ranveer Singh, was not aware that a train was approaching the station.

Meanwhile, a passenger train was waiting at the Khurja City station to depart towards Khurja Junction.

"As it is a single-line section, if the line is occupied by a train, the signal will remain red so that another train cannot enter from the Khurja City station towards Khurja Junction," an official said.

Singh thought the signal was not working and asked a signal maintainer to manually change it from red to green so that the passenger train could depart without any delay.

According to a preliminary probe report, both loco pilots stopped their trains at a safe distance of 433 metres from each other, thereby avoiding a collision. The report held both the station masters and the signal maintainer responsible for the incident.

Officials said rules do not allow the first station master, Tomar, to be relieved of duty until all trains he has allowed to enter the section have arrived, even if his duty hours are over.

Besides, they said he was supposed to make an entry in the Train Signal Register (TSR), which serves as a handover record for the incoming station master.

"The second station master, who took over the shift, also failed to exercise due diligence and did not attempt to verify whether the line was occupied. He asked the signal maintainer to set the signal to green, without completing the required formalities. Even the signal maintainer failed to ask for a failure memo before changing the signal," another official said.

"The unsafe situation occurred primarily because the prescribed safety guidelines and operational rules were not followed," he added.

Safety experts and former station masters said the lapse exposed multiple shortcomings, including the pressure to maintain the punctuality of passenger trains, leading to short-cut measures, and rising vacancies that keep the safety staff under constant pressure.

"The second station master, Singh, stated in his written submission that he was on leave as his son was unwell. However, he was called at 10:30 am on December 29 and asked to report to duty at 7 pm. This shows how station

masters are forced to cut short their leave, not attend urgent family matters and other important personal commitments to join duty," said Virendra Kumar Paliwal, a retired station master who has raised concerns about staff vacancies and work stress in the railways with the National Human Rights Commission (NHRC).

"The number of vacant posts of station masters is increasing because the Railway Board's recruitment process is very slow. If a station master is under stress due to personal reasons, lapses are bound to occur," he added.

(This story has not been edited by THE WEEK and is auto-generated from PTI)

**Amar Ujala, Online News, 06/01/2026**

## Source: [https://www.amarujala.com/rajasthan/jalore/rajasthan-news-rights-panel-cracks-down-on-ban-on-women-s-smartphone-use-issues-notice-to-district-collector-2026-01-05](https://www.amarujala.com/rajasthan/jalore/rajasthan-news-rights-panel-cracks-down-on-ban-on-women-s-smartphone-use-issues-notice-to-district-collector-2026-01-05)

Rajasthan News: महिलाओं के स्मार्टफोन उपयोग पर बैन मामले में मानवाधिकार आयोग सख्त, कलेक्टर को भेजा नोटिस

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, जालौर Published by: जालौर ब्यूरो Updated Mon, 05 Jan 2026 09:00 PM IST

सार
जालौर
जिले में महिलाओं के स्मार्टफोन उपयोग पर पंचायत स्तर पर लगाए गए प्रतिबंध के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीर रुख अपनाते हुए जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे को नोटिस जारी किया है। आयोग ने 14 दिनों के भीतर पूरे प्रकरण की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

विस्तार
हाल ही में चौधरी समाज की एक बैठक में कथित रूप से महिलाओं के स्मार्टफोन उपयोग पर पाबंदी लगाने के मामले ने प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर हलचल मचा दी है। यह बैठक 21 दिसंबर को सुंधामाता पट्टी के गाजीपुरा गांव में आयोजित हुई थी, जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने की थी। बैठक में 14 पट्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया कि 15 गांवों की बहू-बेटियां स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करेंगी और केवल साधारण कीपैड फोन ही रख सकेंगी, साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रमों या पड़ोस में जाने के दौरान स्मार्टफोन ले जाने पर भी रोक लगाई गई थी।

इस फैसले के सामने आते ही सामाजिक संगठनों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इसे महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण और दकियानूसी करार देते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विरोध बढ़ने के बाद समाज के पदाधिकारियों ने सफाई दी कि यह निर्णय बच्चों की भलाई को ध्यान में रखकर लिया गया था और बाद में इसे वापस ले लिया गया।

हालांकि इस बीच पश्चिम बंगाल के नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के मनीष जैन ने 2 जनवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मामले का संज्ञान लेते हुए जालौर जिला प्रशासन से जवाब-तलब किया। मामले में जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे को आयोग ने नोटिस जारी किया है, जिसमें 14 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

मानवाधिकार आयोग ने अपने नोटिस में स्पष्ट किया है कि किसी भी पंचायत या सामाजिक समूह को महिलाओं के संचार के साधनों पर रोक लगाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है और तकनीक तक पहुंच महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ा अहम विषय है। जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे ने नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गहन जांच कर आयोग को समयबद्ध रिपोर्ट भेजी जाएगी। इस प्रकरण के बाद पूरे जिले में चर्चा का माहौल है और सभी की निगाहें अब प्रशासन की रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

**Source: https://www.deshbandhu.co.in/jharkhand/arjun-munda-has-written-to-the-nhrc-demanding-an-independent-inquiry-into-the-death-in-police-custody-282781**

अर्जुन मुंडा ने एनएचआरसी को लिखा पत्र, पुलिस हिरासत मौत पर स्वतंत्र जांच की मांग

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में अजीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई मौत को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को पत्र लिखा है

By - एजेंसी 5 Jan 2026 10:40 PM

जमशेदपुर में अजीत महतो की मौत, मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप परिजनों से जबरन हस्ताक्षर और मुआवजे पर उठे सवाल गर्भवती पत्नी ने दिया जन्म, परिवार पर टूटा आर्थिक-सामाजिक संकट मुंडा बोले– हिरासत में मौत गंभीर उल्लंघन, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में अजीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई मौत को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र और न्यायिक जांच की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि मानगो के गोकुल नगर बस्ती निवासी अजीत महतो की 30 दिसंबर 2025 को पुलिस अभिरक्षा में मौत हुई, जो प्रथम दृष्टया संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का गंभीर उल्लंघन प्रतीत होती है। अर्जुन मुंडा ने इसे स्थापित मानवाधिकार मानकों के खिलाफ बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के केवल अप्राकृतिक मृत्यु (यूडी) का मामला दर्ज किया गया और मृतक के परिजनों से सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराकर दो लाख रुपये की राशि दे दी गई, जबकि इस मुआवजे का कोई स्पष्ट वैधानिक आधार या प्रक्रिया नहीं बताई गई। इससे पूरे मामले की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

पत्र में यह भी कहा गया है कि गिरफ्तारी के बाद लगभग दो दिनों तक परिजनों को अजीत महतो से मिलने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे पुलिस यातना के कारण मौत की आशंका जताई गई है। इसी अवधि में मृतक की गर्भवती पत्नी ने एक नवजात कन्या को जन्म दिया। अजीत महतो परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, और उनकी मृत्यु के बाद परिवार गंभीर सामाजिक, आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि पुलिस हिरासत में किसी नागरिक की मृत्यु अपने आप में एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन है, जिसकी जांच स्वतंत्र, उच्चस्तरीय और न्यायिक प्रकृति की होनी चाहिए। उन्होंने एनएचआरसी से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने, दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी व विभागीय कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को न्यायोचित मुआवजा, पुनर्वास और आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**Source: [https://n7india.com/news/jharkhand/2026/01/05/former-jharkhand-chief-minister-arjun-munda-has-written-to-the-national-human-rights-commission-nhrc-regarding-the-death-of-ajit-mahto-in-police-custody-in-the-mango-area-of-jamshe/](https://n7india.com/news/jharkhand/2026/01/05/former-jharkhand-chief-minister-arjun-munda-has-written-to-the-national-human-rights-commission-nhrc-regarding-the-death-of-ajit-mahto-in-police-custody-in-the-mango-area-of-jamshe/)**

Jharkhand News : Arjun Munda ने अजीत महतो की पुलिस हिरासत में मौत पर NHRC को लिखा पत्र, स्वतंत्र जांच की मांग
N7india
Published 5 जनवरी 2026
Last updated: 2026/01/05 at 8:07 अपरा ह्न

Ranchi : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में अजीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई मौत को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र और न्यायिक जांच की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि मानगो के गोकुल नगर बस्ती निवासी अजीत महतो की 30 दिसंबर 2025 को पुलिस अभिरक्षा में मौत हुई, जो प्रथम दृष्टया संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का गंभीर उल्लंघन प्रतीत होती है। अर्जुन मुंडा ने इसे स्थापित मानवाधिकार मानकों के खिलाफ बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के केवल अप्राकृतिक मृत्यु (यूडी) का मामला दर्ज किया गया और मृतक के परिजनों से सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराकर दो लाख रुपये की राशि दे दी गई, जबकि इस मुआवजे का कोई स्पष्ट वैधानिक आधार या प्रक्रिया नहीं बताई गई। इससे पूरे मामले की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

पत्र में यह भी कहा गया है कि गिरफ्तारी के बाद लगभग दो दिनों तक परिजनों को अजीत महतो से मिलने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे पुलिस यातना के कारण मौत की आशंका जताई गई है। इसी अवधि में मृतक की गर्भवती पत्नी ने एक नवजात कन्या को जन्म दिया। अजीत महतो परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, और उनकी मृत्यु के बाद परिवार गंभीर सामाजिक, आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि पुलिस हिरासत में किसी नागरिक की मृत्यु अपने आप में एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन है, जिसकी जांच स्वतंत्र, उच्चस्तरीय और न्यायिक प्रकृति की होनी चाहिए।

उन्होंने एनएचआरसी से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने, दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी व विभागीय कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को न्यायोचित मुआवजा, पुनर्वास और आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। (IANS)

**Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/nhrc-notice-to-administration-over-smartphone-uses-for-women-in-jalore-10355736**

'महिलाओं के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर रोक' पंचायत के तुगलकी फरमान पर NHRC ने प्रशासन को किया तलब
सुंदर पट्टी चौधरी समाज पंचायत में महिलाएं और बेटियों के कैमरे वाले स्मार्टफोन उपयोग पर प्रतिबंध लगा लगाया गया था. जिसका बड़े पैमाने पर विरोध हुआ. अब मानवाधिकार आयोग ने प्रशासन को तलब किया है.
Reported by: भरत राजपुरोहित
Edited by: श्यामजी तिवारी
राजस्थान न्यूज़
जनवरी 05, 2026 23:08 pm IST
Published On जनवरी 05, 2026 23:08 pm IST
Last Updated On जनवरी 05, 2026 23:08 pm IST

'महिलाओं के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर रोक' पंचायत के तुगलकी फरमान पर NHRC ने प्रशासन को किया तलब
पंचायत के तुगलकी फरमान पर NHRC ने प्रशासन को किया तलब

Rajasthan News: राजस्थान के जालौर में 15 गांवों की महिलाओं पर स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर लगाए गए कथित प्रतिबंध मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है. NHRC ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए जालौर कलेक्टर को नोटिस जारी करके तलब किया है. वहीं, मानवाधिकार के नोटिस को लेकर कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच की और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी महिला पर किसी प्रकार का सामाजिक या पंचायत स्तर का दबाव लागू नहीं है.

समाज की पंचायत ने सुनाया था फैसला
महिलाओं के स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने का मामला भीनमाल उपखंड क्षेत्र की सुंदर पट्टी चौधरी समाज पंचायत से जुड़ा हुआ है. पंचायत में कथित रूप से निर्णय लिया गया था कि महिलाएं और बेटियां कैमरे वाले स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करेंगी. इस फैसले को लेकर क्षेत्र में काफी विवाद और चर्चा हुई थी. इस मामले की मानवाधिकार आयोग में शिकायत दी गई थी, जिसमें महिलाओं के मौलिक अधिकारों और मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया गया था.

शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए जालौर जिला प्रशासन से जवाब तलब किया. इस बारे में जालौर कलेक्टर डॉ. प्रदीप गावंडे ने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि चौधरी समाज के पंचों द्वारा लिया गया निर्णय बाद में वापस ले लिया गया है. इस संबंध में मानवाधिकार आयोग से प्राप्त नोटिस का समय पर जवाब भेज दिया गया है.

प्रशासन के दखल के बाद पंचों ने वापस लिया निर्णय
जब चौधरी समाज की पंचायत द्वारा महिलाएं और बहन-बेटियां के स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने का मामला सामने आया तो जालौर जिला प्रशासन और चौधरी समाज दोनों सुर्खियों में बना रहा. इस निर्णय को लेकर कई सामाजिक संगठनों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया. मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप और जिला प्रशासन की सक्रियता के बाद समाज के पंचों ने अपने पूर्व निर्णय को वापस ले लिया, जिससे फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है.

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कोई भी पंचायत या सामाजिक समूह महिलाओं के व्यक्तिगत अधिकारों, तकनीक के उपयोग या आवागमन पर प्रतिबंध नहीं लगा सकता है. जिला प्रशासन ने संकेत दिए कि भविष्य में इस तरह के किसी भी फैसले की पुनरावृत्ति होती है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## Source: [https://zeenews.india.com/hindi/india/rajasthan/jalore/rajasthan-news-nhrc-started-investigation-jalore-panchayat-smartphone-ban-descision/1767631318981](https://zeenews.india.com/hindi/india/rajasthan/jalore/rajasthan-news-nhrc-started-investigation-jalore-panchayat-smartphone-ban-descision/1767631318981)

जालौर स्मार्टफोन बेन मामले में नया अपडेट आया सामने, पंचायत के फैसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुरू की जांच
Rajasthan News: जालौर के गजीपुरा गांव में महिलाओं पर स्मार्टफोन प्रतिबंध के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है. आयोग ने जिला कलक्टर को नोटिस जारी कर 14 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है. पंचायत ने विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया था.

SAGAR CHAUDHARY
Edited By SAGAR CHAUDHARY
Reported By Heeralal bhati
Published: Jan 05, 2026, 10:14 PM IST | Updated: Jan 05, 2026, 10:14 PM IST
Trending Photos

राजस्थान में कोहरे से नहीं दिख रहा कुछ, कई जिलों के डेढ़ दर्जन स्कूलों में छुट्टियां, जीरो विजिबिलिटी के बाद शीतलहर का अलर्ट

जालौर स्मार्टफोन बेन मामले में नया अपडेट आया सामने, पंचायत के फैसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुरू की जांच
Jalore Smartphone Ban News: राजस्थान के जालौर जिले के जसवंतपुरा उपखंड के गजीपुरा गांव में सामाजिक पंचायत द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर लगाए गए प्रतिबंध को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है. आयोग ने इस मामले को लेकर जालोर जिला कलक्टर को नोटिस जारी किया है और पूरे प्रकरण की जांच कर 14 दिनों के भीतर विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

आयोग ने अपने नोटिस में कहा है कि महिलाओं पर इस तरह की पाबंदी लैंगिक भेदभाव को दर्शाती है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सामाजिक पंचायत या समुदाय को महिलाओं के संचार के साधनों या आधुनिक तकनीक के उपयोग पर रोक लगाने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है. इस प्रकार का फैसला महिलाओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर चोट करता है और उनकी शिक्षा, अभिव्यक्ति व सामाजिक सहभागिता को भी प्रभावित कर सकता है.

इस तरह चर्चा में आया मामला
यह विवाद 21 दिसंबर 2025 को सामने आया, जब जालोर जिले के जसवंतपुरा क्षेत्र स्थित गजीपुरा गांव में चौधरी समाज की एक बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में समाज की 14 पट्टियों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे. बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 15 गांवों की बहू-बेटियां स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करेंगी.

पंचायत के फैसले के तहत महिलाओं को केवल कीपैड मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए. साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रमों में या किसी पड़ोसी के घर जाते समय स्मार्टफोन साथ ले जाने पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई थी. इस निर्णय को लेकर गांव और आसपास के इलाकों में चर्चा शुरू हो गई.

पंचायत की ओर से तर्क दिया गया कि स्मार्टफोन के अधिक इस्तेमाल से बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है और इससे सामाजिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है. हालांकि यह नियम केवल महिलाओं पर लागू किया गया, जिससे इसे भेदभावपूर्ण माना गया और विरोध तेज हो गया.

दो दिन बाद बदला गया फैसला
मामला तूल पकड़ने के बाद समाज के अध्यक्ष सुजानाराम चौधरी ने सफाई दी कि यह निर्णय बच्चों के हित को ध्यान में रखकर लिया गया था. लेकिन बढ़ते विरोध और आलोचना के चलते पंचायत ने दो दिन के भीतर ही अपना फैसला वापस ले लिया. समाज की ओर से कहा गया कि उनका उद्देश्य किसी की आज़ादी पर रोक लगाना नहीं था.

आयोग के द्वारा नोटिस जारी होने के बाद जिला कलेक्टर, जालौर प्रदीप के. गवांडे ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गजीपुरा प्रकरण में नोटिस जारी कर दिया है. प्रशासनिक स्तर पर इस मामले की जांच पहले ही करवाई जा चुकी है. सामाजिक पंचायत ने भी 21 दिसंबर की बैठक के दो दिन बाद ही निर्णय

वापस ले लिया था.

**Patrika, Online News, 06/01/2026**

## Source: [https://www.patrika.com/jalore-news/human-rights-commission-issued-notice-to-collector-on-decision-to-ban-smartphones-for-women-and-girls-20233649](https://www.patrika.com/jalore-news/human-rights-commission-issued-notice-to-collector-on-decision-to-ban-smartphones-for-women-and-girls-20233649)

महिलाओं-लड़कियों पर स्मार्टफोन पाबंदी का मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंचा, जालोर कलक्टर को नोटिस

जालोर। जसवंतपुरा क्षेत्र के गजीपुरा गांव में सामाजिक पंचायत द्वारा महिलाओं और बेटियों पर स्मार्टफोन उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने इस मामले में जिला कलक्टर जालोर को नोटिस जारी करते हुए प्रकरण की जांच कर 14 दिन के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

नोटिस में आयोग ने कहा है कि महिलाओं पर इस तरह का प्रतिबंध सीधे तौर पर लैंगिक भेदभाव को दर्शाता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी पंचायत या सामाजिक समूह को महिलाओं के संचार साधनों या तकनीक के उपयोग को नियंत्रित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। यह कदम न केवल महिलाओं की स्वतंत्रता का हनन करता है, बल्कि उनकी शिक्षा और आवाजाही की आजादी को भी प्रभावित कर सकता है।

इस तरह सुर्खियों में आया मामला

विवाद की शुरुआत 21 दिसंबर 2025 को हुई, जब जालोर के जसवंतपुरा क्षेत्र के गजीपुरा गांव में चौधरी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की 14 पट्टियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 15 गांवों की बहू-बेटियां स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करेंगी। पंचायत ने निर्देश दिए कि महिलाएं केवल कीपैड वाले मोबाइल फोन ही इस्तेमाल करेंगी। साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रमों या पड़ोसियों के घर जाते समय स्मार्टफोन ले जाने पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी।

इस निर्णय के पीछे तर्क दिया गया कि स्मार्टफोन के अधिक उपयोग से बच्चों की आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और सामाजिक व्यवस्था प्रभावित होती है। हालांकि यह नियम केवल महिलाओं के लिए लागू किया गया, जिससे विवाद गहरा गया और इसे भेदभावपूर्ण माना गया।

पंचायत ने दो दिन बाद लिया यू-टर्न

मामला सामने आने के बाद इसका विरोध शुरू हो गया। इसके बाद समाज के अध्यक्ष सुजानाराम चौधरी ने सफाई देते हुए कहा कि यह फैसला बच्चों की भलाई को ध्यान में रखकर लिया गया था। हालांकि विरोध को देखते हुए दो दिन बाद ही यह निर्णय वापस ले लिया गया। समाज की ओर से कहा गया कि उनका उद्देश्य किसी की स्वतंत्रता का हनन करना नहीं था।

इन्होंने कहा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से गजीपुरा मामले में नोटिस जारी किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर इस मामले की जांच पहले ही करवाई जा चुकी है। सामाजिक पंचायत ने 21 दिसंबर की घटना के दो दिन बाद ही अपना फैसला वापस ले लिया था। एसडीएम जसवंतपुरा द्वारा पूर्व में जांच की जा चुकी है।

- प्रदीप के. गवांडे, जिला कलक्टर, जालोर

Dainik Bhaskar, Online News, 06/01/2026

**Source: https://www.bhaskar.com/amp/local/rajasthan/jalore/news/jalore-district-collector-summoned-by-human-rights-commission-136864464.html**

राजस्थान में पंचों के मनमाने फैसले पर कलेक्टर को नोटिस:मानवाधिकार आयोग बोला- स्मार्टफोन यूज बैन सिर्फ महिलाओं पर, ये लैंगिक भेदभाव, 14 दिन में रिपोर्ट भेजें

जालोर 7 घंटे पहले

जालोर में पंचों ने 15 गांव की बहू-बेटियों के स्मार्टफोन यूज को लेकर बैन लगाया था। इस मामले में अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कलेक्टर प्रदीप गावंडे के नाम नोटिस जारी किया हैं। इसमें 14 दिन के भीतर जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

नोटिस में कहा गया है कि ये प्रतिबंध केवल महिलाओं पर है, ऐसे में यह लिंग आधारित भेदभाव को दर्शाता है।

पंचायत या सामाजिक समूहों को महिलाओं के संचार या तकनीक के उपयोग को नियंत्रित करने का कोई अधिकार नहीं है। 2 सप्ताह में मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें।

कलेक्टर प्रदीप के गवांडे ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्रवाई के लिए नोटिस भेजा है। हालांकि पंचों ने अपना फैसला वापस ले लिया है। फिर भी जांच करवा कर जवाब भेजा जाएगा।

21 दिसंबर को आया था आदेश

21 दिसंबर रविवार को जालोर जिले के चौधरी समाज सुंधामाता पट्टी की गाजीपुर गांव में बैठक हुई थी। 14 पट्टी के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया था।

इसमें 15 गांव की बहू-बेटियों को 26 जनवरी से कैमरे वाला फोन यूज करने पर बैन लगा दिया था।

इतना ही नहीं सार्वजनिक समारोह से लेकर पड़ोसी के घर पर भी फोन ले जाने पर पाबंदी लगा दी थी। उन्हें सिर्फ स्मार्ट फोन की जगह की-पैड फोन उपयोग में लेने का फरमान सुनाया था।

विरोध के बाद वापस भी ले लिया था फैसला

इसके बाद से पंचायत के इस फैसले का विरोध शुरू हो गया था। विरोध होने पर समाज अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने सफाई देते हुए कहा कि ये फैसला इसलिए लिया गया है कि महिलाओं के पास मोबाइल होने से बच्चे इसका उपयोग करते हैं। इससे आंखें खराब होने का डर रहता है। इसे विरोध के बाद वापस भी ले लिया था।

NGO ने लिखा था लेटर

पश्चिम बंगाल नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एनजीओ) मनीष जैन ने 2 जनवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को इस मामले एक पत्र लिखा था। इस पर मानवाधिकार आयोग संज्ञान लिया है।

जालोर कलेक्टर को एक नोटिस जारी करते हुए कहा है कि राजस्थान के जालोर जिले में महिलाओं को सार्वजनिक कार्यक्रमों, पड़ोसियों के घरों या सामाजिक आयोजनों में केवल साधारण कीपैड मोबाइल फोन रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रतिबंध केवल महिलाओं पर लागू किया गया है, जो लिंग आधारित भेदभाव को दर्शाता है।

लेटर में लिखा- सामाजिक समूहों को ये अधिकार नहीं

इसके अलावा पंचायतों या सामाजिक समूहों को महिलाओं के संचार या तकनीक के उपयोग को नियंत्रित करने का कोई अधिकार नहीं है। इस प्रकार के कदम आगे चलकर लड़कियों की शिक्षा या आवाजाही की स्वतंत्रता को भी सीमित कर सकते हैं। शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन प्रतीत होते हैं।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो ने संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट, जालोर को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा- शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई विवरण रिपोर्ट आयोग के अवलोकन लिए प्रस्तुत की जाए। साथ ही निर्देश दिए है कि इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई विवरण रिपोर्ट आयोग को भेजी जाए।

## Source: https://www.bhaskar.com/amp/local/mp/bhopal/news/illegal-occupation-of-hathaikheda-damcomplaint-lodged-by-the-committee-136866418.html

हथाईखेड़ा डैम पर अवैध कब्जा...समिति ने की शिकायत:अध्यक्ष बोले- पहले जिनका कब्जा था, वही अब कर रहे; वास्तविक को हटाने का षड्यंत्र
भोपाल3 घंटे पहले

भोपाल के हथाईखेड़ा डैम पर अवैध कब्जा, मत्स्याखेट यानी, मछली के पालन और शिकार आदि को लेकर मछली पालन सहकारी समिति इस्लाम नगर हथाईखेड़ा के अध्यक्ष और सदस्य आगे आए हैं। कलेक्टर समेत विभाग से शिकायत कर कहा कि हथाईखेड़ा डैम पर मछली गैंग का कब्जा हो रहा है। वास्तविक मछुआरों व सदस्यों को हटाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। पहले जिनका कब्जा था, वे अब फिर से कब्जा कर रहे हैं।

डैम पर मछली पकड़ने से पहले रोक, फिर अनुमति और फिर रोक के बीच हुए घटनाक्रम में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की भूमिका पर कुछ मछुआरों ने सवाल उठाए हैं। डैम पर मत्स्याखेट करने वाली मछुआरों की समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल, सदस्य सत्यनारायण सिलावट, रामस्वरूप ने बताया, उनकी समिति वैध और पंजीकृत है। समिति में सभी 39 सदस्य वंशानुगत मछुआरे हैं और हिंदू है। इनमें से कोई भी पदाधिकारी या सदस्य मुस्लिम नहीं है। न ही समिति में कोई मुस्लिम कर्मचारी हैं।

आयोग सदस्य ने जबर्दस्ती की, कब्जा करवा दिया समिति के संचालक मंडल ने पहले ही अन्नू माझी, नितिन अहिरवार, जगदीश अहिरवार, रंसूकुमार भूरिया, राधेश्याम मालवीय को हटा दिया था, जो आयोग के सदस्य कानूनगो की सहायता से अवैध तरीके से डैम से मछली का शिकार रहे हैं।

अध्यक्ष मुन्नालाल ने बताया कि 27 दिसंबर को कानूनगो व उनके साथियों ने समिति के पदाधिकारी और सदस्यों से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौच की थी। उन्होंने कहा कि डैम पर हमारा कब्जा हो गया है। ऐसा कहकर समिति के गेट पर लगे ताले भी तोड़ दिए।

अध्यक्ष व सदस्यों ने शिकायत में कहा कि किसी भी मत्स्य समिति के संबंध में कोई जांच करना है तो उसके अधिकार उपायुक्त सहकारिता को ही है। मानव अधिकार आयोग के सदस्य जांच नहीं कर सकते, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में सदस्य ने समिति के ऑफिस से सामग्री निकालकर फेंक दी और दूसरों को कब्जा दे दिया।

कलेक्टर से दखल देने की मांग मछुआरों ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मामले में दखल देने की मांग की है। कहा कि उनकी जीविका डैम से ही चलती है। यदि अगर जलाशय में हमें काम नहीं करने दिया तो परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगे। कलेक्टर उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें समिति पर पुन: कब्जा दिलाए।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

**ThinQ360, Online News, 06/01/2026**

## Source: [https://thinq360.com/jalore-women-smartphone-ban-nhrc-notice-collector](https://thinq360.com/jalore-women-smartphone-ban-nhrc-notice-collector)

जालोर स्मार्टफोन बैन पर नोटिस: जालोर में महिलाओं के स्मार्टफोन पर बैन का मामला: मानवाधिकार आयोग ने कलेक्टर को भेजा नोटिस, 14 दिन में मांगी रिपोर्ट

AuthorPosted by गणपत सिंह मांडोली
PublishedJan 5, 202614:08 PM
UpdatedJan 5, 202614:16 PM
Highlights
मानवाधिकार आयोग ने जालोर कलेक्टर को नोटिस जारी किया।
महिलाओं पर स्मार्टफोन बैन को लैंगिक भेदभाव करार दिया।
कलेक्टर को 14 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट भेजने के आदेश।
एनजीओ की शिकायत पर आयोग ने लिया मामले का संज्ञान।
जालोर | राजस्थान के जालोर जिले में पंचों द्वारा महिलाओं के स्मार्टफोन उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जालोर के जिला कलेक्टर प्रदीप गावंडे को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में आयोग ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं पर इस तरह का प्रतिबंध लगाना सीधे तौर पर लैंगिक भेदभाव को दर्शाता है। कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस पूरे मामले की जांच करें और 14 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने नोटिस में कहा है कि किसी भी पंचायत या सामाजिक समूह को महिलाओं के संचार के साधनों या तकनीक के उपयोग को नियंत्रित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। यह कदम न केवल महिलाओं की स्वतंत्रता का हनन है बल्कि भविष्य में उनकी शिक्षा और आवाजाही की आजादी को भी प्रभावित कर सकता है। आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों का उल्लंघन माना है और प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है।
विवाद की शुरुआत और पंचों का फरमान
यह पूरा विवाद 21 दिसंबर को शुरू हुआ था जब जालोर जिले के चौधरी समाज की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई थी। सुंधामाता पट्टी के गाजीपुर गांव में हुई इस बैठक की अध्यक्षता सुजनाराम चौधरी ने की थी। इस बैठक में चौधरी समाज के 14 पट्टियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि 15 गांवों की बहू-बेटियां अब स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करेंगी। पंचों के इस फरमान में कहा गया था कि महिलाएं केवल साधारण कीपैड वाले फोन का ही इस्तेमाल कर सकेंगी। इतना ही नहीं सार्वजनिक कार्यक्रमों या पड़ोसियों के घर जाने पर भी स्मार्टफोन ले जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। इस फैसले के पीछे तर्क दिया गया था कि स्मार्टफोन के उपयोग से बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है और सामाजिक व्यवस्था बिगड़ती है। हालांकि यह नियम केवल महिलाओं के लिए बनाया गया था जिसने बड़े विवाद को जन्म दिया और इसे भेदभावपूर्ण माना गया।
विरोध के बाद फैसले की वापसी
जैसे ही यह खबर सार्वजनिक हुई समाज के भीतर और बाहर इसका कड़ा विरोध शुरू हो गया। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों ने इसे दकियानूसी सोच करार दिया। बढ़ते दबाव को देखते हुए समाज के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने बाद में सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल बच्चों की भलाई के लिए था लेकिन विरोध को देखते हुए इसे वापस ले लिया गया है। समाज का कहना है कि वे किसी की स्वतंत्रता का हनन नहीं करना चाहते थे।
एनजीओ की शिकायत और आयोग का संज्ञान
इस मामले में पश्चिम बंगाल के नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के मनीष जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 2 जनवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर इस कुप्रथा की शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि किस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्वतंत्रता को कुचला जा रहा है और तकनीक से उन्हें दूर रखा जा रहा है। इसी पत्र के आधार पर आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मामले का संज्ञान लिया और जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।
प्रशासनिक कार्रवाई और भविष्य के कदम
जिला कलेक्टर प्रदीप गावंडे ने पुष्टि की है कि उन्हें मानवाधिकार आयोग का नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि हालांकि स्थानीय स्तर पर पंचों ने अपना फैसला वापस लेने की बात कही है लेकिन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए इस मामले की पूरी जांच की जाएगी। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस तरह के भेदभावपूर्ण फैसले न लिए जाएं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि तकनीक तक पहुंच आज के समय में एक बुनियादी जरूरत है और इसे लिंग के आधार पर सीमित नहीं किया जा सकता।
डिजिटल सशक्तिकरण और संवैधानिक अधिकार

मानवाधिकार विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के प्रतिबंध न केवल संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हैं बल्कि यह समाज में महिलाओं की स्थिति को और पीछे धकेलने का प्रयास है। डिजिटल इंडिया के दौर में जहां तकनीक सशक्तिकरण और शिक्षा का मुख्य माध्यम है वहां इस तरह की पाबंदियां अनुचित और अवैध हैं। यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि यह ग्रामीण भारत में आज भी मौजूद सामाजिक बेड़ियों को उजागर करता है। अब सबकी नजरें प्रशासन की उस रिपोर्ट पर टिकी हैं जो 14 दिनों के भीतर आयोग को भेजी जानी है।